Earlier, addressing the Inter Ministerial briefing on Recent Developments in West Asia in New Delhi, Special Secretary at the Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Rajesh Kumar Sinha, said that documentation and priority berthing have been arranged at the port to ensure no delay in the discharge of cargo of the Shivalik. The Shipping Ministry official said that another Indian vessel carrying LPG, 'Nanda Devi', will arrive tomorrow.

The Indian-flagged vessel, 'Jag Laadki', which sailed from the UAE, carrying about 81,000 tonnes of Murban crude oil, is safely en route to India, Sinha said. The official said that all Indian seafarers in the Persian Gulf area are safe and no incident has been reported in the last 24 hours.

Consequently, there are now 22 Indian-flagged vessels remaining in the Persian Gulf, carrying a total of 611 seafarers.

Gujarat agriculture minister Jitu Vaghani told the state assembly that the ship passed safely through the Strait of Hormuz despite global unrest and tensions involving Iran, Israel and other countries.

Mundra Port officials confirmed that Shivalik arrived with 46,000 metric tonnes of LPG ordered by IOCL. While 20,000 MT will be unloaded at Mundra port, 26000 MT will be unloaded at Mangaluru, said a statement from the port.

India imports about 88% of its crude oil, 50% of natural gas and 60% of LPG needs.Before the US-Israel strikes on Iran on February 28, more than half of India's crude imports, and 85-90% of LPG imports came from West Asian countries.

Business Standard Hindi, Delhi, 17/03/2026

Page No: 1, Size: 58.55cm × 43.55cm

भारतीय उद्योग जगत पर दिखने लगे जंग के जख्म

दीपक पटेल, शाइन जेकब, अंजलि सिंह, संजीव मुखर्जी, शार्लीन डिसूजा और ईशिता आयान दत्त
नई दिल्ली\चेन्नई\मुंबई\कोलकाता, 16 मार्च

ईरान युद्ध के तीसरे सप्ताह में पहुंचने के साथ ही भारतीय उद्योग जगत पर उसके आर्थिक प्रभाव दिखने लगे हैं। निर्यात में व्यवधान, आपूर्ति श्रृंखला में समस्या और गैस आपूर्ति में कमी का असर विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में महसूस किया जा रहा है।

उत्पादन के मोर्चे पर उद्योग जगत 5 और 9 मार्च को जारी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आदेशों से जूझ रहा है। इसके तहत मंत्रालय ने रिफाइनरियों को एलपीजी का उत्पादन अधिक से अधिक करने और परिवारों एवं आवश्यक सेवाओं को आपूर्ति में प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। इससे वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपयोग के लिए आपूर्ति प्राथमिकता सूची में नीचे चले गए हैं। इससे सभी क्षेत्रों में कामकाज प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है।

ईंधन आपूर्ति की चिंता

भारत का वाहन उद्योग पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में बदलाव के बाद दमदार मांग की लहर पर सवार था। मगर अधिकारियों ने कहा कि वाहन उद्योग अब रुकावटों के लिए तैयार हो रहा है।

वाहन विनिर्माता और वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियां एलपीजी, पीएनजी और प्रोपेन की उपलब्धता के बारे में चिंतित हैं। इनका इस्तेमाल वाहन एवं कलपुर्जे बनाने वाले कारखानों में फोर्जिंग, कास्टिंग, हीट ट्रीटमेंट, वेल्डिंग और पेंट क्योरिंग जैसी प्रक्रियाओं के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है।

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम ने 9 मार्च को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को एक पत्र लिखकर एलपीजी, पीएनजी और प्रोपेन की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति के बारे में स्पष्टता मांगी थी ताकि वाहन निर्माता उत्पादन की योजना बनाने और संभावित व्यवधान से निपटने में मदद मिल सके।

भारी उद्योग मंत्रालय को लिखे एक अन्य पत्र में वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन एक्मा ने आगाह किया था कि एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता में आ रही रुकावटें उत्पादन कार्यक्रमों पर असर डाल सकती हैं। उन्होंने कहा था कि खास तौर पर फोर्जिंग और फाउंड्री जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली एमएसएमई इकाइयां इससे अधिक प्रभावित होंगी क्योंकि उनके पास तत्काल किसी अन्य ईंधन के इस्तेमाल की गुंजाइश काफी कम होती है।

धातु क्षेत्र में व्यवधान के शुरुआती संकेत अभी से दिखने लगे हैं। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा था, 'स्टेनलेस स्टील का उत्पादन प्रोपेन/एलपीजी और प्राकृतिक गैस जैसे औद्योगिक ईंधन पर काफी निर्भर है। इसलिए आपूर्ति किल्लत का हमारे कारखानों पर बुरा असर पड़ा है।' उन्होंने कहा कि ईंधन की उपलब्धता में आ रही रुकावटों के मद्देनजर उनकी कंपनी के कारखाने कम क्षमता पर काम कर रहे हैं।

इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजामणि कृष्णमूर्ति ने कहा, 'स्टेनलेस स्टील उद्योग को अस्तित्व के संकट जैसी ऊर्जा समस्या का सामना कर रहा है, क्योंकि प्रोपेन और एलपीजी की आपूर्ति में व्यवधान ने उत्तरी और पूर्वी भारत में मौजूद स्टेनलेस स्टील कारखानों को बुरी तरह प्रभावित किया है।'

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उद्योग जगत चिंतित

- वाहन और वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियां एलपीजी, पीएनजी व प्रोपेन की उपलब्धता के बारे में चिंतित
- होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के कारण मार्ग में बदलाव होने से कच्चे माल के आयात में देरी हो रही है
- चुनौतियों से जूझ रहीं कई विनिर्माण कंपनियों को मुनाफे पर असर पड़ने की आशंका
- शिपिंग मार्ग में बदलाव से वाहन कलपुर्जा निर्यातकों के लिए लॉजिस्टिक्स लागत 20 से 40 फीसदी तक बढ़ गई है

Business Standard Hindi, Delhi, 17/03/2026

Page No: 1, Size: 36.06cm × 89.09cm

उद्योग जगत पर दिखने लगे जंग के जख्म

पृष्ठ 1 का शेष

इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजामणि कृष्णमूर्ति ने कहा, 'हमारे सदस्य लगातार चलने वाले कारखानों का संचालन करते हैं। ऐसे में ईंधन आपूर्ति में किसी भी व्यवधान से न केवल उत्पादन रुक जाता है बल्कि भट्ठियों को हमेशा के लिए नुकसान होने और घरेलू आपूर्ति श्रृंखला के महीनों तक ठप पड़ जाने का भी खतरा बना रहता है।' एसोसिएशन ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह ईंधन आवंटन के मामले में स्टेनलेस स्टील को प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना जाए। व्यापक इस्पात उद्योग में भी उत्पादकों ने ईंधन की आपूर्ति में व्यवधान के बारे में चिंता जताई है।

एक इस्पात कंपनी के अधिकारी ने अपनी प हचान जाहिर न करने की शर्त पर कहा, 'कंपनियों को अपने मुख्य कारखाने से बाहर वाली इकाइयों में डाउनस्ट्रीम संचालन में विभिन्न स्तरों पर रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है।' जानकारों के मुताबिक, इस्पात क्षेत्र की कंपनियों पर इसका प्रभाव अलग-अलग दिखेगा जो इस्पात बनाने की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। छोटी कंपनियों पर इसका अधिक प्रभाव दिख सकता है। प्राथमिक इस्पात बनाने वाली एक कंपनी ने बताया कि एलएनजी एवं एलपीजी की उपलब्धता से लेकर चूना पत्थर की सोर्सिंग तक कई मोर्चों पर चुनौतियां सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, 'हम घरेलू आपूर्ति और चूना पत्थर के अन्य स्रोतों से काम चलाने की कोशिश कर रहे हैं।'

हालांकि शुक्रवार को गुजरात ने औद्योगिक गैस के इस्तेमाल की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाकर 80 फीसदी कर दी जिससे उद्योग को कुछ राहत मिली। एक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि गुजरात में खाने-पीने की चीजों का उत्पादन थोड़ा आसान हो गया है, क्योंकि सरकार ने शुक्रवार को एक नया परिपत्र जारी कर औद्योगिक गैस के इस्तेमाल की सीमा बढ़ा दी है। रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया है कि औद्योगिक गैस की आपूर्ति कम होने से उसके कारखानों में कोई बड़ी रुकावट नहीं आई है।

बढ़ती लागत की मार

युद्ध की कीमत को कई तरह से महसूस की जा रही है। भारतीय विनिर्माता पश्चिम एशिया से प्रमुख कच्चा माल भी मंगाते हैं। उदाहरण के लिए, 2024-25 में खाड़ी क्षेत्र से लगभग 1.25 अरब डॉलर मूल्य के पॉलिएथिलीन पॉलीमर आए थे। पश्चिम एशिया सीमेंट और इस्पात विनिर्माताओं के लिए चूना पत्थर, धातुओं और तांबे के तार भी आपूर्ति करता है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के कारण मार्ग में बदलाव होने से कच्चे माल के आयात में देरी हो रही है।

एक्मा ने कहा कि शिपिंग के मार्ग में बदलाव और भीड़भाड़ के कारण वाहन कलपुर्जा निर्यातकों के लिए लॉजिस्टिक्स लागत 20 से 40 फीसदी तक बढ़ गई है। साथ ही निर्यात में लगने वाला समय भी दो से चार सप्ताह बढ़ गया है। इसके अलावा वाहन कलपुर्जे में इस्तेमाल होने वाले रसायन, सिंथेटिक रबर और पेट्रोकेमिकल इनपुट जैसे प्रमुख कच्चे माल के आयात में भी देरी हो रही है। हैदराबाद की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी ईटीओ मोटर्स के कार्यकारी निदेशक सुरेंद्र नाथ ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और व्यापक वाहन क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल एवं एल्युमीनियम की बढ़ती कीमतें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के पुर्जों और सामग्रियों की लागत बढ़ा सकती हैं।

इससे निपटने के लिए कंपनियां घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और मॉड्यूलर वाहन प्लेटफॉर्म को अपनाने पर अधिक ध्यान दे रही हैं। चीनी क्षेत्र पर पश्चिम एशिया संकट का सीधा असर नहीं पड़ा है, लेकिन कई कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी होने के कारण उत्पादन लागत बढ़ गई है। इसके अलावा चीनी की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले लो-डेंसिटी पॉलिएथिलीन (एलडीपीई) और हाई-डेंसिटी पॉलिएथिलीन (एचडीपीई) बैग की लागत संकट शुरू होने के बाद 4 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक बढ़ गई है। एलडीपीई और एचडीपीई दोनों तरह के बैग में कच्चे माल के तौर पर पेट्रोकेमिकल्स का इस्तेमाल होता है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, भारत के पास फिलहाल करीब 36 फीसदी जरूरत को पूरा करने लायक उर्वरक का भंडार है।

निर्यातकों को नुकसान की चिंता

एक निर्यातक ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत को सीधे तौर पर होने वाले निर्यात में रोजाना 19 से 20 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है। इससे पश्चिम एशिया उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए) क्षेत्र के देशों के साथ व्यापार में कुल नुकसान 3 अरब डॉलर तक पहुंचने की आशंका है। साल 2024-25 में भारत के कुल 433.56 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात में डब्ल्यूएएनए का योगदान 71.24 अरब डॉलर था।

इंजीनियरिंग वस्तु जैसे प्रमुख विनिर्माण क्षेत्र में इसका काफी असर महसूस किया जा रहा है। देश के निर्यात में इस क्षेत्र का रोजाना योगदान करीब 5.3 करोड़ डॉलर का है। इसके अलावा छोटी इकाइयों, रिफाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण और रेडीमेड परिधान पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। तिरुपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष केएम सुब्रमण्यन के अनुसार, यह नुकसान सीधे निर्यात से कहीं ज्यादा है क्योंकि अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका को माल भेजने के लिए दुबई एक महत्त्वपूर्ण केंद्र के रूप में का काम करता है।

Business Standard Hindi, Delhi, 17/03/2026

Page No: 8, Size: 39.71cm × 67.71cm

कंपनियां पीएनजी कनेक्शन के लिए दे रहीं प्रोत्साहन

शुभांगी माथुर

पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की गंभीर कमी के बीच शहरी गैस वितरण कंपनियां घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को बढ़ावा दे रही हैं। वे लोगों को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहनों का ऐलान कर रही हैं।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और गेल गैस लिमिटेड (गेल गैस) सहित तमाम कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं को 500 रुपये की मुफ्त गैस दे रही हैं। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपये का पंजीकरण शुल्क माफ कर रही है और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षा जमा भी हटा रही है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने सभी व्यावसायिक कनेक्शनों के लिए सुरक्षा जमा माफ करने की घोषणा की है।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब सरकार पश्चिम एशिया से एलपीजी आपूर्ति में बाधा के कारण उपभोक्ताओं से प्राकृतिक गैस की ओर रुख करने का आग्रह कर रही है, ताकि एलपीजी पर भार कम हो सके और संकट के समय लोगों में अफरा-तफरी न मचे तथा आसानी से ईंधन आपूर्ति होती रहे। भारत अपनी घरेलू एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से 90 प्रतिशत पश्चिम एशिया से आता है। डाउनस्ट्रीम नियामक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 14 मार्च को सीजीडी कंपनियों को संसाधन बढ़ाने, मौजूदा कनेक्शनों के उपयोग को बढ़ावा देने और आपूर्ति शुरू करने की समय-सीमा कम करने की सलाह दी है। नियामक के अनुसार 31 जनवरी तक गैस वितरण कंपनियों के पास 1.65 करोड़ पीएनजी कनेक्शन थे, जिनमें से 1.03 करोड़ उपभोक्ता प्राकृतिक गैस का उपयोग कर रहे हैं।

बोर्ड ने कहा, 'जिन उपभोक्ताओं के लिए अवसंरचना पहले से उपलब्ध है और जो पीएनजी सुविधा लेना चाहते हैं, उन्हें जल्द से जल्द जोड़ा जाए। इन उपभोक्ताओं को पीएनजी आपूर्ति देने से एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव भी कम होगा और खाना पकाने के ईंधन के विविधीकरण में मदद मिलेगी।' घरेलू गैस वितरण कंपनियों से यह भी कहा गया है कि जहां बुनियादी ढांचा उपलब्ध है, वहां अधिकतम नए उपभोक्ताओं को घरेलू पीएनजी से जोड़ा जाए। पिछले एक दशक में पाइप्ड गैस कनेक्शन और पाइपलाइन दोनों तरह के पीएनजी नेटवर्क का बहुत तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 से 2024-25 के बीच घरेलू पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.47 करोड़ से अधिक हो गए हैं। साल 2032 तक इन्हें 12.63 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

आईजीएल और गेल घरेलू उपभोक्ताओं को दे रहीं 500 रुपये की मुफ्त गैस, एमजीएल ने 500 रुपये का पंजीकरण शुल्क किया माफ

इस बीच, 14 मार्च के एक आदेश में सरकार ने पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन वापस करने की सलाह दी है और उन्हें नया एलपीजी कनेक्शन लेने से भी रोक दिया है।

सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी की कमी भारत के लिए अभी भी चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार कदम उठा रही है और रोजाना लगभग 50 लाख सिलिंडर वितरित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन एलपीजी सिलिंडर बुकिंग लगभग 84 प्रतिशत से बढ़कर करीब 90 प्रतिशत हो गई है। सरकार ने कहा कि वितरक स्तर पर सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड का कवरेज संकट से पहले 53 प्रतिशत से बढ़ाकर लगभग 72 प्रतिशत कर दिया गया है। तेल मंत्रालय ने सभी मौजूदा एलपीजी उपभोक्ताओं से बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण यानी ई-केवाईसी पूरा करने को भी कहा है।

एलपीजी लेकर पहुंचा पहला भारतीय जहाज शिवालिक

गांधीनगर। पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारतीय जहाज शिवालिक एलपीजी कैरियर गुजरात स्थित मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है। यह कतर से गैस लेकर भारत पहुंचा है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा, जिसकी जानकारी पहले ही शिपिंग मंत्रालय ने प्रेस से साझा कर दी थी। शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। सोमवार को भारत सरकार के मंत्रालयों की प्रेस ब्रीफिंग में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, 'शिवालिक एलपीजी कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा।'

Jansatta, Delhi, 17/03/2026

Page No: 10, Size: 5.40cm × 10.19cm

पीएनजी कनेक्शन के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पैदा हुए आपूर्ति संकट के बीच शहरी गैस वितरण कंपनियों ने उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के बजाय 'पाइप से मिलने वाली रसोई गैस' (पीएनजी) को अपनाने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) दिल्ली और आसपास के शहरों में पीएनजी कनेक्शन लेने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 31 मार्च से पहले उपयोग शुरू करने पर 500 रुपए तक की मुफ्त गैस दे रही है। मुंबई स्थित महानगर गैस लिमिटेड ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपए का पंजीकरण शुल्क माफ करने और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए एक से पांच लाख रुपए तक की सुरक्षा जमा राशि में छूट देने की घोषणा की है।

Business Line, Delhi, 17/03/2026
Page No: 5, Size: 34.63cm × 47.28cm

Oil shock's impact on India's BoP

Oil shortages and price spike triggered by US-Israel war on Iran will hit India harder given its integration into global oil markets

MACROSCAN.

CP CHANDRASHEKHAR, JAYATI GHOSH

Uncertainty and shortages have roiled India's oil markets following the unwarranted bombings of Iranian civilian and military targets launched by the United States and Israel and Iran's predictable response to that unprovoked attack.

With India heavily reliant on oil imports and anywhere between 30 and 40 per cent of its crude imports and 80-90 per cent of its liquefied petroleum gas (LPG) imports sourced from and transiting through the Gulf region, the impact the war is having on the physical supply of oil and LPG and the prices of those supplies is a major shock to the economy.

Globally the war has shaken the world's oil markets for multiple reasons. First, the bombing of Iran threatens to shut down its oil production facilities for quite some time. Since Iran hosts a large oil reserve and was a major supplier to global markets till US sanctions were imposed on the country, that consequence does influence calculations of long-run supply and can therefore impact oil price trends.

Second, since Iran's response includes shutting off the Strait of Hormuz that is the easiest and most cost-effective route to service anywhere between a fifth and close to a third of the world's gas and oil demand, the impact on global supply is immediate. More so because the targets of Iran's retaliation include oil facilities in many oil- and gas-exporting Gulf states, which are seen as implicitly or explicitly facilitating US-Israeli aggression.

Third, large trading firms, like Vitol, Trafigura, Glencore and Gunvor, which are not necessarily large oil producers, dominate the global physical trade in oil, and are known to be secretive speculators for profit in commodity markets. This concentrated trade and speculation leads to an amplified impact of the war on oil prices, far beyond what is warranted by any supply shortfall. This speculative impact is highlighted by the huge volatility that oil prices have displayed around a rising trend.

Finally, this dominance of speculators means that any effort to redress demand-supply imbalances, as is sought to be done through the release from strategic reserves of 400 million barrels of oil by the members of the International Energy Agency, only sends out a signal that the crisis is serious and intensifies speculative activity. So long as uncertainty prevails, oil prices would soar to levels way beyond the so-called $100 psychological barrier.

CHART 1

Price pain

Imported oil prices and India's oil import bill ($ million and $ per barrel)



CHART 2

Import profile

Oil in India's import bill ($ million)



CHART 3

Export impact

India's oil trade balance ($ million)



CHART 4

BoP impact

Oil in India's trade balance ($ million)



IMPACT ON INDIA

The impacts from these consequences transmit to the Indian economy through multiple routes. Given India's import dependence for crude and gas, there is already talk of shortages that would affect, among others, households using LPG and oil-based means of transportation, truckers, and farmers using oil based fertilizers.

The rise in the price of a universal intermediate like oil would trigger "imported" inflation both because of the rise in the dollar price of oil and the depreciation of the rupee it precipitates. And the current account of India's balance of payments, crucial to sustaining the 'confidence' of foreign financial investors, which has been shored up by remittances and receipts from IT and IT-enabled services exports, will be hit by falling remittance inflows and a widening trade deficit.

Chart 1 illustrates the relationship between the price of India's oil import bill and the price of the Indian basket of crude (a weighted average of Oman, Dubai and Brent crude prices). The import bill has clearly been driven primarily by the average import price, with some signs of divergence. Since import data are yet to be released, the impact of the recent spike is yet to show itself, though a sharp rise is inevitable.

> **The rise in the price of a universal intermediate like oil would trigger "imported" inflation** both because of the rise in the dollar price of oil and the depreciation of the rupee it precipitates

That rise can be damaging because India's aggregate imports have risen at a much faster rate than its oil imports since the end of the Covid pandemic (Chart 2). Clearly non-oil imports, including imports of non-necessities such as gold, have been rising, not least because of continuous liberalisation in the import trade and the associated reductions in import tariffs. A sharp rise in the oil import bill will only add to the vulnerability resulting from that longer term tendency.

TRADE BALANCE IMPACT

In the past there had been one factor mitigating the impact of oil import dependence on India's trade balance. With excess refinery capacity, India has been exporting refined products manufacture with imported crude, generating export revenues from its oil sector. In fact, as Chart 3 shows, the rise in imports of oil and products has been closely followed by export revenues in that category.

Given value addition through refining in India, the export revenues generated from these related oil imports would be large than the value of those imports. So, the deterioration in the oil trade balance following the pandemic would have been greater than reflected in Chart 3 if these exports had not occurred.

But, given the current loss of physical access to crude imports, the Indian government would possibly retain available imported supplies for domestic consumption, adversely affecting the export of refined products from private facilities. This would mean that the influence of the widening import bill on the oil trade balance would be significantly higher and the deterioration in the balance of payments larger.

The significance of this for the balance of trade comes through from Chart 4 which presents the relative roles of the oil and non-oil trade balances in determining India's overall trade balance. Much of the post-pandemic deterioration in the trade balance was on account of the worsening of the non-oil trade balance, with oil contributing only marginally to that downturn. That would change now, with adverse consequences.

In sum, the fact that the oil crisis, precipitated by the unwarranted attack on Iran, is resulting in both a physical shortage of supply as well as a spike in prices, would amplify its adverse effects on India's balance of payments, given the nature of its integration into global oil markets.

Hindustan, Delhi, 17/03/2026
Page No: 9, Size: 35.56cm × 22.73cm

होर्मुज जलडमरूमध्य पार करने के बाद मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा, 'नंदा देवी' से भी लाई जा रही गैस, कच्चा तेल ला रहा 'जग लाडकी'

राहत : गैस लेकर गुजरात पहुंचा शिवालिक

कच्छ, एजेंसी। भारतीय पोत 'शिवालिक' लगभग 40 हजार मीट्रिक टन लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर सोमवार शाम गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंच गया। यह पोत रविवार को देर रात होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार करने के बाद भारतीय तट पर पहुंचा है।

नई दिल्ली में बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कार्गो को खाली करने में कोई देरी न हो, इसके लिए मुंद्रा बंदरगाह पर दस्तावेजीकरण और अन्य औपचारिकताएं पहले ही कर दी गई थीं। मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी है कि एलपीजी लेकर आ रहा एक अन्य भारतीय पोत 'नंदा देवी' मंगलवार तक पहुंच जाएगा। जबकि संयुक्त अरब अमीरात से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर आ रहा 'जग लाडकी' भी सुरक्षित रूप से भारत की ओर बढ़ रहा है।

फारस की खाड़ी क्षेत्र में वर्तमान में भारत से जुड़े 22 पोत मौजूद हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

तेहरान से सीधा संवाद जारी : जयशंकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेहरान के साथ सीधा संवाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण जलमार्ग से यातायात बहाल करने के लिए ईरान के साथ समन्वय करना अधिक प्रभावी साबित हो रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। हालांकि अभी सभी भारतीय पोतों के लिए कोई औपचारिक करार नहीं हुआ है। फिलहाल उनकी आवाजाही का प्रबंधन 'मामले-दर-मामले' के आधार पर की जा रही है।

राष्ट्रीय सुरक्षा अहम : ईरान : ईरान की ओर से भी बयान आया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है, लेकिन यह उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद रहेगा जिन्हें वे अपना दुश्मन मानता है। ईरान के विदेश मंत्रालय का कहना है कि जहाजों की आवाजाही विशेष शर्तों के तहत होगी और वे अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस जलमार्ग पर कूटनीतिक और सैन्य नियंत्रण बनाए रखेंगे।

गुजरात

एलपीजी आपूर्ति बढ़ाई

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने सोमवार को कहा कि निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उसने सामान्य साप्ताहिक वितरण की तुलना में एलपीजी की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। साथ ही नेटवर्क की उपलब्धता वाले क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन देने में प्राथमिकता दी जा रही है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव मोना खांधार ने कहा कि राज्य में एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति शृंखला निर्बाध बनी हुई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पटना में सोमवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की लंबी कतार। • एएनआई

तीन लाख गैस सिलेंडर रिफिल के लिए लंबित

झारखंड

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड विधानसभा में सोमवार को रसोई गैस आपूर्ति में कमी को लेकर केंद्र बनाम राज्य की राजनीति तेज हो गई। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय हालात और केंद्र की नीतियों के कारण राज्य में कॉमर्शियल और घरेलू गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

खाद्य-आपूर्ति विभाग की तेल कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक में सामने आया कि 16 मार्च 2026 तक इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम की ओर से झारखंड में 3,27,630 गैस सिलेंडर रिफिल के लिए लंबित हैं। विधायक प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में मंत्री ने यह कहा।

बिहार

ढाबों में चाय-समोसा के दाम बढ़े, थाली भी महंगी

पटना/मुजफ्फरपुर, हिटी। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की किल्लत का सबसे ज्यादा असर छोटे ढाबों, स्ट्रीट फूड की दुकानों और रेस्टूरेंट पर पड़ा है। ज्यादातर छोटे ढाबों के संचालक लकड़ी या कोयले के चूल्हे पर आइटम तैयार कर रहे हैं। लागत बढ़ने पर उन्होंने कीमत बढ़ा दी है। पटना में 15 से 17 रुपये प्रति पीस बिकने वाले रसगुल्ला अब 20 रुपये में मिल रहा है। इसी प्रकार 17 रुपए में मिलनेवाला एक गुलाबजामुन भी 20 का हो गया है।

उत्तराखंड

गाड़ी दिखते ही दौड़ पड़े लोग, सिलेंडर को मची होड़

हल्द्वानी, हिन्दुस्तान टीम। कुमाऊं में रसोई गैस का संकट बरकरार है। हल्द्वानी से लेकर पिथौरागढ़, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर तक उपभोक्ता सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं। सोमवार को कई जगह गैस की गाड़ी देखते ही लोग टूट पड़े। वहीं गोदामों और वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। होम डिलीवरी व्यवस्था भी चरमराने से आम लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। हल्द्वानी में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और विकराल हो गई है।

Hindustan, Delhi, 17/03/2026
Page No: 8, Size: 11.54cm × 21.59cm

चौकसी

तेल की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए देशों ने खोले आपातकालीन भंडार

वाशिंगटन, एजेंसी। तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए विकसित देशों ने अपने आपातकालीन रणनीतिक तेल भंडार (एसपीआर) के दरवाजे खोलने का फैसला किया है। पिछले हफ्ते यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पूर्वोत्तर एशिया के 32 देशों ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ ऊर्जा कीमतों पर लगाम लगाने की कोशिश के लिए बाजार में 400 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई करने पर सहमति जताई थी।

क्या है एसपीआर

यह कच्चे तेल का एक विशाल भंडार होता है, जिसे सरकारें आपातकालीन स्थितियों के लिए सुरक्षित रखती है। अमेरिका के पास आपातकालीन कच्चे तेल का विश्व का सबसे बड़ा भंडार है, जिसे अमेरिकी रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) कहा जाता है। राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड ने 1973-74 के अरब तेल प्रतिबंध के बाद वर्ष 1975 में एसपीआर की स्थापना की थी।

15 दिनों की खपत के बराबर पेट्रोलियम भंडार जारी करने का आदेश दिया जापान ने

172 मिलियन बैरल तेल जारी करने की प्रक्रिया शुरू की

जापान ने शुरू की प्रक्रिया

सोमवार को जापान ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी तेल रिलीज शुरू की। सरकार के प्रवक्ता मिनोरु किहारा ने बताया कि शुरुआती चरण में 15 दिनों की खपत के बराबर निजी क्षेत्र का पेट्रोलियम भंडार जारी करने का आदेश दिया है। माना जा रहा है कि यह लगभग 20 फीसदी भंडार होगा। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने 172 मिलियन बैरल तेल जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह आईईए के कुल तेल का 43 फीसदी है। इस मामले पर पिछले हफ्ते जर्मनी और फ्रांस ने भी सहमति जताई थी।

क्या फायदा मिलेगा

बाजार में तेल रिलीज करने की प्रक्रिया को बाजार में हस्तक्षेप कहा जाता है। इसके मुख्य फायदे हैं। जब बाजार में तेल की कमी होती है, तो कीमतें आसमान छूने लगती हैं। ऐसे में अतिरिक्त तेल आने से कीमतों में स्थिरता आती है। वहीं फैक्ट्रियों, परिवहन और बिजली घरों को कच्चा तेल मिलता रहता है ताकि देश की अर्थव्यवस्था ठप न हो।

भारत की स्थिति

रिपोर्ट के अनुसार, भारत का शुद्ध रणनीतिक भंडार सिर्फ 10 दिन का है, लेकिन अगर इसमें तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक, पाइपलाइनों में मौजूद तेल को मिला दिया जाए, तो भारत के पास कुल 74 दिनों का बफर है। भारत ने वर्तमान संकट में अपना तेल बाजार में जारी करने से मना कर दिया है ताकि घरेलू सुरक्षा बनी रहे।

देशों के पास कितना रिजर्व

आईईए के नियमों के अनुसार, सदस्य देशों को कम से कम 90 दिनों के नेट आयात के बराबर तेल रखना अनिवार्य है।

देश	भंडार	कुल क्षमता (अनुमानित)
जापान	230 दिन	324 मिलियन बैरल (दुनिया में सबसे सुरक्षित)
अमेरिका	84 दिन	415 मिलियन बैरल (172 मिलियन रिलीज के बाद 243 मिलियन बचेगा)
चीन	60 दिन	1.3 बिलियन बैरल (सरकारी और व्यावसायिक)
जर्मनी	91 दिन	यूरोप का सबसे बड़ा भंडार
भारत	10 दिन	39-40 मिलियन बैरल (सिर्फ रणनीतिक भंडार)

(नोट : आंकड़े मार्च, 2026 तक के हैं।)

आईईए ने कब-कब तेल रिलीज किया

घटनाक्रम	तेल मात्रा (मिलियन बैरल)
पहला खाड़ी युद्ध (1991)	75
हरिकेन कैटरीना तूफान (2005)	60
लिबिया गृह युद्ध (2011)	60
यूक्रेन-रूस जंग (2022)	182
ईरान युद्ध (2026)	400

Amar Ujala City, Ghaziabad, 17/03/2026
Page No: 3, Size: 36.41cm × 34.87cm

राजनगर स्थित गैस एजेंसी में सिलिंडर की बुकिंग के लिए लगी लोगों की कतार। संवाद

राहत...पांच हजार रुपये में लें पीएनजी कनेक्शन

अधिक से अधिक लोगों को कनेक्शन देने के लिए दी जा रही छूट ■ जिलाधिकारी की अपील जहां-जहां पाइपलाइन वहां लोग उठाएं लाभ

माई सिटी रिपोर्टर

गाजियाबाद। एलपीजी के संकट से निपटने के लिए प्रशासन अधिक से अधिक लोगों को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसको देखते हुए इंद्रप्रस्थ गैस एजेंसी ने अब पीएनजी कनेक्शन लेने पर छूट देने का निर्णय लिया है। अब लोग पांच हजार सिक्योरिटी मनी जमा कराकर नया पीएनजी कनेक्शन ले सकते हैं। पहले इसके लिए सात हजार रुपये जमा कराने पड़ते थे।

जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि पीएनजी के नए कनेक्शन तेजी से दिए जा रहे हैं। पहले जहां एक दिन में 150 कनेक्शन लगाए जाते थे। वहीं, अब एक दिन में ढाई सौ से तीन सौ कनेक्शन लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने अपील की है कि लोग अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लगवाएं। इसके लिए कंपनी द्वारा भी छूट दी जा रही है। सिक्योरिटी मनी कम करने के अलावा अगर कोई व्यक्ति एक मुश्त पांच हजार रुपये नहीं जमा कर सकता है तो वह 275 रुपये जमा कराकर नया कनेक्शन ले सकता है। बाकी राशि हर महीने के बिल में जुड़कर आया करेगी।

उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछी हुई है, लेकिन लोग कनेक्शन नहीं ले रहे हैं। उनसे अपील है कि वह पीएनजी कनेक्शन लगवाएं। उन्होंने बताया कि अगले कुछ हफ्तों में 25,000 नए कनेक्शन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

1500 व्यावसायिक कनेक्शन

12 लाख एलपीजी कनेक्शन के उपभोक्ता

राजनगर स्थित गैस एजेंसी से सिलिंडर भरवाकर लाती महिला। संवाद

पटेल नगर स्थित गैस एजेंसी में सिलिंडर बुकिंग के लिए पहुंचे लोग। संवाद

सिलिंडर खत्म होने पर सोसायटी का गार्ड चूल्हे पर खाना बनाते हुए। संवाद

घरेलू सिलिंडरों के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन

मोदीनगर। घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए सोमवार को भी गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी रही। सिलिंडर के लिए लोग घंटों लाइन में लगे रहे। एलपीजी सिलिंडर की किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं का सोमवार का दिन भी लाइन में लग कर गुजरा। नगर के शाहजहांपुर मार्ग स्थित हैप्पी होम भारत गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही। उपभोक्ता सुबह पांच बजे से ही खाली सिलिंडर लेकर लाइन में लग गए। लगभग चार सौ मीटर से अधिक लंबी लाइन के दौरान कई बार हंगामे की नौबत आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। उपभोक्ता मनोज कुमार ने बताया कि गैस सिलिंडर लेने के लिए चार दिन से चक्कर काट रहे है मगर नहीं मिल रहा है। अगर घर में सिलिंडर खत्म हो गया तो परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कुछ लोगों पर गैस की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया। संवाद

व्यावसायिक सिलिंडर की आपूर्ति बढ़ाने के आदेश

व्यावसायिक सिलिंडर की आपूर्ति जहां बिल्कुल बंद कर दी गई थी। अब उसको बढ़ाया जा रहा है। अब अस्पताल और आपातकालीन सेवाओं सहित सामाजिक संगठन, चैरिटेबल संस्थाओं सहित अन्य जरूरत के स्थानों पर आपूर्ति के लिए भी व्यावसायिक सिलिंडर दिए जाएंगे। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि मंगलवार तक आदेश आने की संभावना है। बताया कि व्यावसायिक सिलिंडर की आपूर्ति शुरू होने से गैस एजेंसियों पर भीड़ से बचाव हो जाएगा।

गैस एजेंसियों पर अभी भी उपभोक्ताओं की लाइन

गाजियाबाद। गैस एजेंसियों पर सोमवार को भी उपभोक्ताओं की भीड़ रही। एजेंसी संचालकों का कहना है कि सर्वर अभी काफी धीमा चल रहा है। इसके अलावा मिस्ड कॉल से बुकिंग नहीं हो पा रही है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को आ रही है जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं है। एक सिलिंडर लेकर वह अपना काम चला रहे थे, लेकिन अब बुकिंग से ही गैस मिलने के नियम के बाद उनको समस्या आ रही है। विजयनगर निवासी कालू ने बताया कि गैस कनेक्शन लेने के लिए स्थायी पता और अन्य दस्तावेज होने जरूरी हैं। कनेक्शन के बिना एक सिलिंडर लेकर काम चला रहा था अब गैस खत्म हो गया है। यूपी एलपीजी गैस एसोसिएशन और गाजियाबाद एलपीजी गैस एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पहले से स्थिति में सुधार है, लेकिन सर्वर में अभी भी समस्या चल रही है। संवाद

Punjab Kesari, Delhi, 17/03/2026
Page No: 1, Size: 4.79cm × 13.73cm

मुंद्रा पोर्ट पहुंचा एलपीजी से भरा टैंकर शिवालिक

ईरान, अमेरिका-इजरायल जंग के कारण मिडिल ईस्ट में तनाव की स्थिति बनी है। हालांकि इस तनाव के बीच सोमवार को भारत के लिए कई राहत भरी खबर सामने आई। जंग के बीच ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने से ऊर्जा संकट गहरा रहा था। लेकिन भारत के कूटनीतिक प्रयासों से एलपीजी से भरे दो बड़े जहाज शिवालिक और नंदा देवी सकुशल होर्मुज पार गए।

सोमवार को 45,000 मीट्रिक टन से ज्यादा एलजीपी लिए शिवालिक जहाज भारत पहुंचा। पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय ने सोमवार को एक नोट जारी कर कहा, जहाज नंदा देवी के मंगलवार को पहुंचने की उम्मीद है"। इससे एलपीजी की सप्लाई मुहैया कराने की जद्दोजहद में जुटी भारत सरकार को राहत मिली है। नंदा देवी पर करीब 92 हजार मिट्रिक टन एलपीजी लोड है। इसके आने से भारत में एलपीजी की किल्लत कम होगी।

Punjab Kesari, Delhi, 17/03/2026
Page No: 2, Size: 4.55cm × 15.66cm

सरकार ने रिलायंस और बीपी से मांगे 2.81 अरब डॉलर

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): सरकार ने भारत के पूर्वी तटवर्ती केजी बेसिन में स्थित ओएनजीसी के तेल क्षेत्र से गैस की हेराफेरी करने के आरोप में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और ब्रिटेन की तेल कंपनी बीपी से 2.81 अरब डॉलर की राशि का दावा किया है। यह जानकारी सोमवार को संसद में दी गई।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीपी से 2.81 अरब डॉलर की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला फिलहाल भारत के सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। सांसद ने पूछा था कि क्या यह सही है कि सरकार ने ओएनजीसी के पूर्वी तट के गैस ब्लॉक्स से गैस चोरी या निकासी के मामले में निजी कंपनियों से 2 अरब डॉलर से ज्यादा की मांग की है।

Amar Ujala, Delhi, 17/03/2026
Page No: 2, Size: 37.07cm × 13.57cm

विकल्प | एलपीजी संकट के बीच बायोगैस बन रही विकल्प, खुद की गैस बनाने की होड़

कचरे से गैस की दिशा में राजधानीवासियों ने बढ़ाए अपने कदम

ज्योति सिंह

नई दिल्ली। एलपीजी सिलिंडर की किल्लत के बीच लोग वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत तलाश रहे हैं। ऐसे में कचरे से गैस बनाने के लिए दिल्लीवासी ओखला स्थित बायोगैस प्लांट पहुंच रहे हैं। घरेलू और व्यावसायिक (कॉमर्शियल) बायोगैस सेटअप के बारे में पूछताछ कर रहे हैं।

ओखला स्थित परफेक्ट बायोगैस एंड पावर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की प्लांट हेड पुनीता सिंह के अनुसार, रोजाना करीब 400-500 लोग घरेलू बायोगैस प्लांट लगाने के लिए संपर्क कर रहे हैं, जबकि 50 से अधिक कॉल कमर्शियल बायोगैस सेटअप के लिए आ रही हैं। यह पहल शहरों में लैंडफिल कचरे को कम करने में भी मदद कर सकती है।

डेयरी उद्योग में लगी बायोगैस प्लांट। सभी फोटो संवाद



रेलवे स्टेशन पर लगी मशीन।



बायोगैस तकनीक से बनी गैस पर चाय बनाते हुए।

चार किलो कचरे से 450 ग्राम एलपीजी गैस का उत्पादन

विनीता सिंह ने बताया कि शहरी घरों में यदि रोजाना चार किलोग्राम अलग किया हुआ जैविक रसोई कचरा (सब्जियों के छिलके और बचा हुआ भोजन) उपलब्ध हो, तो उससे लगभग 450 ग्राम एलपीजी के बराबर गैस का उत्पादन किया जा सकता है। यदि किसी किसान के पास सिर्फ एक गाय या भैंस हो, तो उसके गोबर से प्रतिदिन लगभग 450 ग्राम एलपीजी के बराबर बायोगैस तैयार की जा सकती है। इससे ग्रामीण परिवारों को खाना पकाने के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा मिल सकती है।

इन रेलवे स्टेशनों पर प्रयोग

प्रयागराज स्टेशन और कानपुर स्टेशन में पोर्टेबल बायोगैस संयंत्र लगाए गए हैं। यहां की रसोइयों में लोकोमोटिव पायलट (ट्रेन चालक) के लिए भोजन तैयार किया जाता है। अब तक देश के कई बड़े डेयरी फार्म और पोल्ट्री फार्म में 500 से अधिक बायोगैस प्लांट स्थापित किए हैं।

क्या है बायोगैस

- बायोगैस एक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है, जो गोबर, कृषि अवशेष, रसोई के जैविक कचरे और अन्य जैविक पदार्थों को ऑक्सीजन रहित वातावरण में सड़ाकर तैयार की जाती है। इस प्रक्रिया को एनारोबिक डाइजेशन कहा जाता है। इसमें मुख्य रूप से मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनती है, जो ईंधन के रूप में उपयोगी होती है।

बायोगैस के बढ़ते विकल्प के मुख्य बिंदु

- **स्थानीय उत्पादनः** गोबर, रसोई का गीला कचरा, खराब सब्जियां और फलों के छिलकों का उपयोग करके घर पर ही छोटा बायोगैस प्लांट लगाया जा रहा है।
- **लागत और सब्सिडीः** घरेलू प्लांट की लागत लगभग 15,000 से 50,000 रुपये तक हो सकती है, जबकि कमर्शियल सेटअप में 19-20 लाख तक का खर्चा आ सकता है। वहीं, सरकार इन संयंत्रों पर सब्सिडी भी प्रदान कर रही है।
- **तकनीकः** पोर्टेबल बायोगैस सिस्टम का उपयोग करना आसान है, जो अवायवीय पाचन के माध्यम से कचरे को मीथेन में बदलते हैं।
- **दोहरा लाभः** खाना पकाने की गैस के अलावा, इससे निकलने वाले अवशेष का उपयोग पौधों के लिए बेहतरीन जैविक खाद के रूप में किया जा सकता है।

बायोगैस के उपयोग

बायोगैस को गैस टैंक या बैग में संग्रहित किया जाता है और इसका उपयोग खाना बनाने, पानी गर्म करने, रोशनी करने और जनरेटर चलाने के लिए किया जा सकता है। इसे शुद्ध कर बायोमीथेन में बदला जा सकता है, जिसका उपयोग परिवहन ईंधन या गैस पाइपलाइन में भी किया जा सकता है।

पर्यावरण के लिए भी फायदे

विशेषज्ञों के अनुसार बायोगैस ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करती है, जैविक कचरे के बेहतर प्रबंधन में मदद करती है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही बायोगैस प्लांट से निकलने वाला अवशेष उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद के रूप में भी इस्तेमाल होता है।

Navbharat Times, Delhi, 17/03/2026
Page No: 2, Size: 12.38cm × 25.08cm

गैस एजेंसियों के पास भीड़ को देखते हुए पुलिस की तैनाती की गई है

सिलिंडरों की रीफिलिंग करने वाला शख्स पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, रोहिणी

रोहिणी जिले के विजय विहार इलाके में पुलिस ने अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलिंडरों की रीफिलिंग करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कमर्शल और घरेलू सिलिंडरों के साथ गैस ट्रांसफर करने वाले उपकरण और एक बाइक भी बरामद की है।

रोहिणी के विजय विहार में छापेमारी कर पकड़ा

डीसीपी शशांक जायसवाल के मुताबिक, विजय विहार एसएचओ मनोहर लाल की पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। 12 मार्च को विजय विहार थाना पुलिस की टीम इलाके में पट्रोलिंग कर रही थी। छापेमारी के दौरान विजय विहार फेज-1 में पुष्पेंद्र नाम के शख्स को अवैध रूप से गैस रीफिलिंग करते हुए पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि आरोपी घरेलू एलपीजी सिलिंडरों से गैस निकालकर कमर्शल सिलिंडरों में भर रहा था। इसके बाद वह इन सिलिंडरों को ब्लैक मार्केट में बेचकर अवैध मुनाफा कमाने की तैयारी में था।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 भरे हुए कमर्शल सिलिंडर, 15 भरे हुए घरेलू सिलिंडर, वजन करने के लिए 4 मशीनें, 4 पाइप/उपकरण और बाइक बरामद किए। इस मामले में विजय विहार थाने में मामला दर्ज किया। मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पुष्पेंद्र विजय विहार का रहने वाला है और पहले रोहिणी सेक्टर-5 स्थित एक गैस एजेंसी में डिलिवरी बॉय के रूप में काम करता था।

Navbharat Times, Delhi, 17/03/2026
Page No: 14, Size: 31.33cm × 35.45cm

सरकार का दावा- देशभर में पेट्रोल, डीजल और LPG की पूरी सप्लाई

राहत की उम्मीद: LPG लेकर एक जहाज़ पहुंचा, दूसरा आज आएगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले से पश्चिम एशिया में बने हालात के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कहीं कोई तंगी नहीं है। LPG सिलिंडर के मामले में स्थिति चिंताजनक है, लेकिन देश में किसी भी LPG डिस्ट्रिब्यूटर के पास सिलिंडर खत्म होने की स्थिति नहीं है। घरेलू LPG उपभोक्ताओं को पूरी सप्लाई दी जा रही है।

सरकार ने कहा कि फारस की खाड़ी से चले LPG लदे दो जहाजों में से एक शिवालिक सोमवार शाम मुंद्रा पोर्ट पर पहुंच गया। दूसरा जहाज नंदा देवी मंगलवार को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा। ये दोनों कुल 92712 टन LPG ला रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के उस पार अभी 22 भारतीय जहाज हैं, जिन पर सवार सभी 611 लोग सुरक्षित हैं। भारतीय जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार टन क्रूड ऑयल के साथ आ रहा है और मंगलवार को इसके पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, ईरान से 640 भारतीयों को थल सीमा के जरिए आर्मीनिया और अजरबैजान लाया जा चुका है।

> कहा, PNG कनेक्शन पर दी जा रही छूट, कालाबाजारी रोकने के लिए राज्य उठा रहे कदम।

तेल एवं गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और शिपिंग मिनिस्ट्री के अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग में तेल एवं गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल की पर्याप्त सप्लाई हो रही है और रिफाइनरी 100% क्षमता पर काम कर रही हैं।

सरकार ने दावा किया कि राज्यों ने कमर्शल LPG का आवंटन भी प्रॉयरिटी के आधार पर करना शुरू कर दिया है। LPG उपभोक्ताओं को PNG कनेक्शन लेने पर सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां छूट दे रही हैं। देश में LPG का उत्पादन 36% बढ़ चुका है।

Uma Kadam

इंतजार मुंबई के कांदिवली में HP-LPG वितरण केंद्र के पास गैस सिलिंडर रिफिल कराने के लिए लंबी कतार लगी।

LPG सिलिंडरों की ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी

ब्रीफिंग में बताया गया कि LPG सिलिंडरों की ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी है। रविवार के आंकड़ों के हिसाब से करीब 90% बुकिंग ऑनलाइन है। डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड का उपयोग भी 72% हो गया है, जो पहले 53% हुआ करता था।' सुजाता ने कहा, '5 मार्च के बाद से देश में LPG उत्पादन 36% बढ़ा है। कमर्शल LPG सिलिंडर में एजुकेशन और हॉस्पिटल को प्राथमिकता दी जा रही है। यह राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है कि वे किसको पहले देने की जरूरत देख रहे हैं।'

PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव

सुजाता ने कहा, 'PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव दिए जा रहे हैं। IGL ने कहा है कि जो भी LPG कंज्यूमर 31 मार्च से पहले PNG कनेक्शन लेकर गैस लेना शुरू कर देंगे, उनको 500 रुपये की गैस फ्री दी जाएगी। महानगर गैस ने डोमेस्टिक PNG उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपये का रजिस्ट्रेशन चार्ज और कमर्शल उपभोक्ताओं के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट माफ कर दिया है।'

कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है

भारतीयों को लाने के मसले पर विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को विभिन्न जगहों से 45 से ज्यादा फ्लाइट्स भारत के लिए तय थीं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है। सोमवार और मंगलवार को कतर एयरवेज भारत के लिए 3 फ्लाइट्स का संचालन कर सकती है।

युद्ध के बीच इंडक्शन चूल्हे की मांग

■ NBT रिपोर्ट : **ईरान के** साथ अमेरिका-इस्राइल के युद्ध के बाद से एलपीजी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंता के कारण इंडक्शन और अन्य इलेक्ट्रिक कुकिंग उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ी है। कई राज्यों में गैस सिलिंडर खरीदने के लिए लोगों की लंबी कतारें और घबराहट में खरीदारी भी देखी गई है। इसी वजह से घरों और छोटे व्यवसायों ने बैकअप के रूप में इलेक्ट्रिक उपकरण अपनाने शुरू कर दिए हैं।

लोकल सर्कल्स के एक सर्वे के अनुसार, पिछले हफ्ते 57% घरों को एलपीजी सिलिंडर मिलने में देरी का सामना करना पड़ा और लगभग हर 5 में से 1 व्यक्ति ने सिलिंडर ब्लैक मार्केट से खरीदा। विशेषज्ञों का कहना है कि पहले इंडक्शन कुकटॉप को सिर्फ सुविधा के लिए खरीदा जाता था, लेकिन अब इसे गैस की कमी के समय जरूरी बैकअप उपकरण के रूप में देखा जा रहा है।

पिछले 10 दिनों में उपभोक्ताओं के व्यवहार में तेजी से बदलाव देखा गया है और गैस पर निर्भर रसोई के लिए इंडक्शन कुकटॉप तुरंत विकल्प बनकर उभरा है।

इस स्थिति को समझने के लिए LocalCircles ने एक सर्वे किया, जिसमें भारत के 304 जिलों से 39,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें 61% पुरुष और 39% महिलाएं थीं।

मार्च में इंडक्शन की खरीदारी

सर्वे के अनुसार, 23% भारतीय परिवारों ने मार्च में इंडक्शन कुकिंग टॉप खरीदे। सर्वे में 20,141 लोगों ने बताया कि उन्होंने इंडक्शन कैसे खरीदे।

6%	रिटेल स्टोर
13%	ऑनलाइन स्टोर
4%	अन्य माध्यमों से
34%	पहले से ही इंडक्शन था
40%	नहीं खरीदा
3%	स्पष्ट उत्तर नहीं दिया

एक अन्य सवाल में, जिन लोगों ने इंडक्शन खरीदा उनसे पूछा गया कि उन्होंने इसे क्यों खरीदा। 19,647 लोगों के जवाब में पाया गया:

16%	पड़ोसी भी खरीद रहे
75%	एलपीजी की कमी हो सकती है
9%	

जंग के बीच पहला भारतीय जहाज एलपीजी लेकर पहुंचा

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। जंग के बीच एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा।

शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है।यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिपिंग मंत्रालय के मुताबिक नंदा देवी नाम का जहाज भी करीब 46 हजार टन एलपीजी लेकर भारत आ रहा है और उसके कल पहुंचने की संभावना है। वहीं जग लाडकी जहाज करीब 81 हजार टन मुरबान कच्चा तेल लेकर भारत की ओर आ रहा है और इसके भी कल मुंद्रा बंदरगाह पहुंचने की उम्मीद है।

एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर मुंद्रा बंदरगाह आते हुए। (एएनआई)

Navbharat Times, Mumbai, 17/03/2026
Page No: 10, Size: 31.59cm × 34.50cm

सरकार का दावा- देशभर में पेट्रोल, डीजल और LPG की पूरी सप्लाई

राहत की उम्मीद: LPG लेकर एक जहाज़ पहुंचा, दूसरा आज आएगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले से पश्चिम एशिया में बने हालात के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कहीं कोई तंगी नहीं है। LPG सिलिंडर के मामले में स्थिति चिंताजनक है, लेकिन देश में किसी भी LPG डिस्ट्रिब्यूटर के पास सिलिंडर खत्म होने की स्थिति नहीं है। घरेलू LPG उपभोक्ताओं को पूरी सप्लाई दी जा रही है।

सरकार ने कहा कि फारस की खाड़ी से चले LPG लदे दो जहाजों में से एक शिवालिक सोमवार शाम मुंद्रा पोर्ट पर पहुंच गया। दूसरा जहाज नंदा देवी मंगलवार को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा। ये दोनों कुल 92712 टन LPG ला रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के उस पार अभी 22 भारतीय जहाज हैं, जिन पर सवार सभी 611 लोग सुरक्षित हैं। भारतीय जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार टन क्रूड ऑयल के साथ आ रहा है और मंगलवार को इसके पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, ईरान से 640 भारतीयों को थल सीमा के जरिए आर्मीनिया और अजरबैजान लाया जा चुका है।

> कहा, PNG कनेक्शन पर दी जा रही छूट, कालाबाजारी रोकने के लिए राज्य उठा रहे कदम।

तेल एवं गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचन एवं प्रसारण मंत्रलय और शिपिंग मिनिस्ट्री के अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग में तेल एवं गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल की पर्याप्त सप्लाई हो रही है और रिफाइनरी 100% क्षमता पर काम कर रही हैं।

सरकार ने दावा किया कि राज्यों ने कमर्शल LPG का आवंटन भी प्रॉयरिटी के आधार पर करना शुरू कर दिया है। LPG उपभोक्ताओं को PNG कनेक्शन लेने पर सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां छूट दे रही हैं। देश में LPG का उत्पादन 36% बढ़ चुका है।

Uma Kadam

कांदिवली में HP-LPG वितरण केंद्र के पास गैस सिलिंडर रिफिल कराने के लिए लंबी कतार लगी।

LPG सिलिंडरों की ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी

ब्रीफिंग में बताया गया कि LPG सिलिंडरों की ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी है। रविवार के आंकड़ों के हिसाब से करीब 90% बुकिंग ऑनलाइन हैं। डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड का उपयोग भी 72% हो गया है, जो पहले 53% हुआ करता था।' सुजाता ने कहा, '5 मार्च के बाद से देश में LPG उत्पादन 36% बढ़ा है। कमर्शल LPG सिलिंडर में एजुकेशन और हॉस्पिटल को प्रथमिकता दी जा रही है। यह राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है कि वे किसको पहले देने की जरूरत देख रहे हैं।'

PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव

सुजाता ने कहा, 'PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव दिए जा रहे हैं। IGL ने कहा है कि जो भी LPG कंस्यूमर 31 मार्च से पहले PNG कनेक्शन लेकर गैस लेना शुरू कर देंगे, उनको 500 रुपये की गैस फ्री दी जाएगी। महानगर गैस ने डोमेस्टिक PNG उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपये का रजिस्ट्रेशन चार्ज और कमर्शल उपभोक्ताओं के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट माफ कर दिया है।'

कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है

भारतीयों को लाने के मसले पर विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को विभिन्न जगहों से 45 से ज्यादा फ्लाइट्स भारत के लिए तय थीं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है। सोमवार और मंगलवार को कतर एयरवेज भारत के लिए 3 फ्लाइट्स का संचालन कर सकती है।

युद्ध के बीच इंडक्शन चूल्हे की मांग

■ **NBT रिपोर्ट : ईरान के** साथ अमेरिका-इस्राइल के युद्ध के बाद से एलपीजी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंता के कारण इंडक्शन और अन्य इलेक्ट्रिक कुकिंग उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ी है। कई राज्यों में गैस सिलिंडर खरीदने के लिए लोगों की लंबी कतारें और घबराहट में खरीदारी भी देखी गई है। इसी वजह से घरों और छोटे व्यवसायों ने बैकअप के रूप में इलेक्ट्रिक उपकरण अपनाने शुरू कर दिए हैं।

लोकल सर्कल्स के एक सर्वे के अनुसार, पिछले हफ्ते 57% घरों को एलपीजी सिलिंडर मिलने में देरी का सामना करना पड़ा और लगभग हर 5 में से 1 व्यक्ति ने सिलिंडर ब्लैक मार्केट से खरीदा। विशेषज्ञों का कहना है कि पहले इंडक्शन कुकटॉप को सिर्फ सुविधा के लिए खरीदा जाता था, लेकिन अब इसे गैस की कमी के समय जरूरी बैकअप उपकरण के रूप में देखा जा रहा है।

पिछले 10 दिनों में उपभोक्ताओं के व्यवहार में तेजी से बदलाव देखा गया है और गैस पर निर्भर रसोई के लिए इंडक्शन कुकटॉप तुरंत विकल्प बनकर उभरा है।

इस स्थिति को समझने के लिए LocalCircles ने एक सर्वे किया, जिसमें भारत के 304 जिलों से 39,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें 61% पुरुष और 39% महिलाएं थीं।

मार्च में इंडक्शन की खरीदारी

सर्वे के अनुसार, 23% भारतीय परिवारों ने मार्च में इंडक्शन कुकिंग टॉप खरीदा। सर्वे में 20,141 लोगों ने बताया कि उन्होंने इंडक्शन कैसे खरीदा।

6%	रिटेल स्टोर
13%	ऑनलाइन स्टोर
4%	अन्य माध्यमों से
34%	पहले से ही इंडक्शन था
40%	नहीं खरीदा
3%	स्पष्ट उत्तर नहीं दिया

एक अन्य सवाल में, जिन लोगों ने इंडक्शन खरीदा उनसे पूछा गया कि उन्होंने इसे क्यों खरीदा। 19,647 लोगों के जवाब में पाया गया:

16%	पड़ोसी भी खरीद रहे
75%	एलपीजी की कमी हो सकती है
9%	